लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कार्तिक शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 4.28 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2079

अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 356, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 6 नवंबर 2022

PAGE NO : 11 MIDDLE

कैल्शियम की जानकारी देने वाले मॉडल को पहला स्थान

बरेली। एसआरएमएस मेडिकल कालेज में शनिवार को बायोमोडेक्स कंपटीशन हुआ। एमबीबीएस 2021 बैच के 10-10 विद्यार्थियों के 15 ग्रुप बना कर स्वास्थ्य संबंधी एक-एक मॉडल बनाया और इसकी जानकारी दी। एनाटामी, फिजियोलाजी और बायोकेमेस्ट्री विभागों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कंपटीशन में माइक्रोबायोलॉजिस्ट डा. राहुल गोयल, न्यूरोलॉजिस्ट डा. प्रवीण त्रिपाठी और एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डा. श्रुति शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई और सभी को नंबर दिए। 40.3 अंक पाकर कैल्शियम की जानकारी देने वाले ग्रुप के मॉडल को पहला स्थान मिला। हार्मोनल रिसेप्टर इंटरेक्शन की जानकारी देने वाले ग्रुप के मॉडल को 40 अंक पाने पर दूसरा और सर्कुलेशन रिद्म की जानकारी देने वाले ग्रुप के मॉडल को 39.6 अंक पाने पर तीसरा स्थान हासिल हुआ। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति, प्राचार्य डा. एसबी गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देने के साथ नकद पुरस्कार दिया। पहला स्थान हासिल करने वाले ग्रुप को दो हजार रुपये, दूसरा स्थान हासिल करने वालों को डेढ़ हजार और तीसरा स्थान हासिल करने वाले ग्रुप को एक हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर डा. कृष्ण गोपाल, डा. आनंद गौतम जादौ, डा. मनोज गुप्ता, डीएसडब्ल्यू डा. क्रांति कुमार मौजूद रहे।